## सार-समाचार

### जनवरी में सब्जियों की बुवाई से किसान पा सकते हैं अधिक मुनाफा

**भुसावर भरतपुर** (निस)। जनवरी माह में सब्जियों की बुवाई कर किसान अधिक आय प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामीण उद्यिमता कृषि जागरूकता योजनान्तर्गत विद्यार्थियों को किसान की आय बढाने की तकनीकों पर व्याख्यान देते हुए कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि सब्जियों की खेती में बुवाई की सही टाइमिंग ही सबसे ज्यादा मुनाफा दिलाती है। यदि किसान सब्जियों की बुवाई जनवरी माह में करते है तो जब फसल तैयार होगी, तब बाजार में सब्जियों की आवक कम और मांग अधिक होने के कारण बेहतरीन भाव मिलेगें। ककड़ी और मूली 35 से 40 दिन में तैयार हो जाती है, अतः इनकी अभी बुवाई कर फरवरी के अंत में सब्जी प्राप्त कर सकते हैं। फरवरी में मूली और ककड़ी का भाव 35 से 40 रू. प्रति किठाा तक मिल जाता है, जो की मुख्य फसल आने पर 20 से 25 रुपए प्रति किठाा रह जाता है। इसी तरह अभी भिण्डी की बुवाई भी की जा सकती है, भिण्डी का भी शुरुआत में 50 रू. प्रति किठाा तक भाव मिल जाता है। कद्दूवर्गीय अन्य सब्जियां जैसे लौकी, करेला, खरबूज, तरबूज, टिण्डा, काशीफल आदि की बुवाई भी जनवरी माह में करके अधिक लाभ कमाया जा सकता है। डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि सब्जियों की उन्नत एवं संकर किस्म की बुवाई करें तथा बुवाई पूर्व बीजोपचार अवश्य करें। जनवरी माह में अच्छे अंकुरण के लिए भिण्डी एवं कद्दूवर्गीय सब्जियों के बीजों को 24 घण्टे पानी में भिगोकर बोये।

### लायंस इंटरनेशनल के विभाजन के चुनाव सम्पन्न

**गंगापुर सिटी** । स्पेशल कन्वेंशन के सफलता पूर्वक संपादन के लिए डिस्ट्रिक्ट को दो भागो में विभाजित करने के लिए साधारण सभा में चुनाव सम्पन्न हुए। इस दौरान सभी प्रांतपालों के मार्गदर्शन रहा और विशेषकर लायन सुधीर वाजपेयी वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर , पूर्व प्रान्तपाल विकास गंगवाल, नितिन मांगलिक जिनके दिशा निर्देशन चुनाव संबंधी कार्य सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। रीजन चेयरपर्सन विवेक कुमार मीना एडवोकेट ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट के विभाजन के पक्ष में 186 वोट आये और विपक्ष मे मात्र 36 वोट ही मिले। इससे डिस्ट्रिक्ट विभाजन का प्रस्ताव पारित हो गया। जिसे जल्द ही मल्टीपल काउंसिल में भी मंजूरी मिल जाएगी और इसे उपरांत लायंस इंटरनेशनल द्वारा डिस्ट्रिक्ट विभाजन की आधिकारिक घोषणा की जायेगी। रीजन 11 से रीजन सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, डॉक्टर राजेश गर्ग,राजेंद्र गौतम अध्यक्ष लायंस क्लब दिशा, अनिल मालधनी, मुकुल खुटामार, सोमदत्त शर्मा, जयंत गुप्ता, नितेश गोयनका सीए और जितेंद्र कुमार गुप्ता प्रिंसिपल आदि रीजन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### चौराहे व मार्ग के नामकरण की मांग

**गंगापुर सिटी** । कुशालगढ़ क्लब ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन तोमर को एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें उदेई मोड़ चौराहे और बाबा श्याम मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग का नामकरण करने की मांग की गई है। ज्ञापन में क्लब ने उदेई मोड चौराहे का नाम ष्कुशालगढ चौराहाष और इस चौराहे से बाबा श्याम मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग का नाम ष्कुशालगढ मार्गष रखने का अनुरोध किया है। क्लब प्रतिनिधियों ने बताया कि गंगापुर सिटी का कुशालगढ क्षेत्र ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण है। कुशालगढ नाम ने राजस्थान के साथ-साथ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे कई राज्यों में अपनी पहचान बनाई है, जिसमें कुशालगढ क्लब की सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उदेई मोड चौराहा शहर का एक प्रमुख केंद्र है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। इसी चौराहे से बाबा श्याम मंदिर को जाने वाला मार्ग जुड़ा है, जो श्रद्धालुओं की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। क्लब का मानना है कि इस नामकरण से विरासत का संरक्षण होगा और भावी पीढियों के लिए पहचान बनी रहेगी। क्लब ने प्रशासन से इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। ज्ञापन सौंपते समय क्लब के चेयरमैन लक्ष्मीकांत शर्मा, संरक्षक राधामोहन अग्रवाल, पुरुषोत्तम प्रजापत और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### समाज सेवा की मिशाल पेश

**भरतपुर** (निस)। राष्ट्रीय मीणा महासभा भरतपुर ईकाई द्वारा शिक्षक भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थियों की सेवा की मिशाल पेश की। जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रदेश संगठन सचिव भूपेंद्र सिंह मीणा उप प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय मीणा महासभा द्वारा नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई, एवं राजस्व अधिकारी तेजराम मीणा के अतुलनीय सहयोग से परीक्षार्थियों की सोलह जनवरी से बीस जनवरी तक लगातार रहने, खाने पीने सोने की बेहतरीन निःशुल्क व्यवस्था की गई जिससे सर्व समाज के पधारे हुए परीक्षार्थियों ने सेवा का भरपूर उपयोग किया। साथ ही लाभार्थियों की भजन संध्या कराकर एक पेड नौकरी उपरांत मां प्रकृति के नाम व बिना दहेज के शादी करने की सामूहिक प्रतिज्ञा नियमित रूप से कराई गई। युवाओं का इसके प्रति रुझान और उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर राष्ट्रीय मीणा महासभा पदाधिकारी डॉ योगेन्द्र मीणा,प्रताप सिंह मीणा, सहदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह,विक्रम नवल, अशोक महाराजसर, जितेन्द्र ऊनापुर, मनीष जगजीवनपुर, वीरेन्द्र मालीपुरा, विजेन्द्र मीणा, कपूर चंद जैयचोली, मेवाराम, नगर निगम के चौकीदार लक्ष्मीनारायण मिलकपुर आदि ने सराहनीय कार्य किया।

### ग्यारह गांव ब्रांच की बैठक 25 को

**हिंडौन सिटी** । जाट समाज ग्यारह गांव ब्रांच की महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फुलवाड़ा में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच अध्यक्ष श्री तुलसी राम गोदारा करेंगे। महामंत्री महेश पटेल (बरगमा) एवं रतन सिंह (खेड़ा) ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जाट समाज चौरासी के अध्यक्ष तथा ग्यारह गांव के अध्यक्ष के चयन को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही समाज से जुडे विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान छात्रावास निर्माण कार्य का अवलोकन भी किया जाएगा तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर रणनीति पर विचार किया जाएगा। समस्त जाट सरदारी एवं गांववासियों से अपील की गई है कि वे आम सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समाजहित में अपने सुझाव व सहभागिता सुनिश्चित करें।

# ‘नशा मुक्त समाज निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका’

■ **विशेष शिविर के पांचवें दिन नशा मुक्ति एवं जन जागरूकता पर व्याख्यान एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया**

**हिंडौन सिटी।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना के दिनांक 16 जनवरी से 22 जनवरी तक संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन नशा मुक्ति एवं जन जागरूकता पर व्याख्यान एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली, मुख्य वक्ता अनिल दत्तात्रेय वरिष्ठ पत्रकार एवं विशिष्ट अतिथि गंगाराम मीणा समन्वयक ,नई किरण केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रितेश जैन और शालिनी गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अनिल दत्तात्रेय ने कहा कि सभी प्रकार के नशे व्यक्ति को सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक एवं शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं और देश की प्रगति में व्यवधान पैदा करते हैं। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रगति के साथ नशे के भी नए-नए रूप हमारे सामने आ रहे हैं जो की क्षिणक रूप में हमें आकर्षित करते हैं अतः उन्हें युवाओं को बुरी संगती एवं अपने परिवारजनों मित्र समूह में नशे के विरुद्ध जन जागरूकता का संदेश प्रसारित करने का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली ने कहा कि तंबाकू के प्रयोग से सर्वाधिक मौतें भारत में होती हैं जिसमें बड़ी संख्या में युवा सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए युवाओं को आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प एवं खेलों में भाग लेकर इस दुष्प्रवृत्ति से बचाना चाहिए। नई किरण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी गंगा राम मीना ने कहा कि वर्तमान में नशा एक गंभीर चुनौती बना हुआ एवं नए नए रूपों में बड़ी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा हैं विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में नशा मुक्ति से ही संभव है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रितेश जैन द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन करने के पश्चात प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः मुस्कान सोनी ,राहुल कोली एवं जिया महावर को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी शालिनी गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति एवं जन जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया।

### पथैना में गंदे पानी का सप्लाई

**भुसावर भरतपुर** (निस)। भुसावर उपखंड के गांव पथैना में जल जीवन मिशन योजना से हर घर नल पीने के पानी की सप्लाई के वाल्व को गन्दगी के बीच में लगाया गया है जिससे नागरिकों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है । छात्र नेता कौशल फौजदार ने कहा की गांव को लगातार गंदा पानी पिला रहे है एक ओर राजस्थान सरकार दावे करती है की हम लोगों को शुद्ध जल पिलाने का काम कर रहे है वही विभागीय कर्मचारियो को अवगत कराने बावजूद अनदेखी की जा रही है गांव मे 2 टंकिया बनी हुई है जिसमे से एक टंकी की सप्लाई लगभग 2000 लोगों को इस गन्दगी के पानी को पिलाया जा रहा है ।

## क्रिकेट में बीए फाइनल 24 रन से विजयी

**गंगापुर सिटी** । अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में अंतर कक्षीय शैक्षणिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान कबड्डी, क्रिकेट, कुर्सी दौड़ और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. बृजेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक क्षमता के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व और आत्मविश्वास का विकास होता है। प्रतियोगिता संयोजक उमाकांत शुक्ला और सह संयोजक जीवन सिंह ने परिणामों की जानकारी दी। क्रिकेट मुकाबले में बीए फाइनल (पंचम सेमेस्टर) की टीम ने बीएससी प्रथम सेमेस्टर की टीम को 24 रन से हराया।

कबड्डी प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर की टीम विजेता रही, जबकि बीए प्रथम सेमेस्टर की टीम उपविजेता बनी। कुर्सी दौड़ में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की कोमल वर्मा ने प्रथम और पायल जांगिड ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में पायल जांगिड़ ने पहला और चेतना शर्मा (बीएससी प्रथम सेमेस्टर) ने दूसरा स्थान हासिल किया।

इस अवसर पर प्रो. संतोष मंगल, डॉ. प्रवीण कुमार, जगन्नाथ रेगर, संजय चौबे, योगिता जैन, उदय सिंह, अंकित अग्रवाल, मेघा गुप्ता, गजल गुप्ता, देवांग पाठक, अमित खंडेलवाल, नवीन मित्तल, आदित्य, वेद प्रकाश गुप्ता और संतोष कुमार गुप्ता सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग

**हिंडौन सिटी** । शहर में खेल स्टेडियम निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग को लेकर आज विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकरियों, खिलाडियों और खेलप्रेमियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में 4 वर्ष पूर्व हिंडौन के जाट का तालाब के पास स्थित भूमि पर खेल स्टेडियम स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू करवाने को लेकर उपखंड अधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की गई।

गौरतलब है कि करौली जिला खेल अधिकारी और हिंडौन के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों में आपसी तालमेल की कमी और लापरवाही के चलते खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।

आज ज्ञापन के दौरान ही उपखंड अधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों विभागों के अधिकारियों से फोन पर आपसी सामंजस्य के साथ शीघ्र खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू करने हेतु निर्देश भी दिए।

उपखण्ड अधिकारी हेमराज गुर्जर को ज्ञापन देने वालों में पूर्व उपसभापति नफीस अहमद के साथ जिला बेसबॉल संघ के सचिव गोपाल सिंह बेनीवाल, रिटायर्ड उपजिला शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल शाक्यवार, रिटायर्ड शारीरिक शिक्षक केदार लवानिया, जिला सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष व राष्ट्रीय अंपायर देवीसहाय शर्मा, पूर्व क्रिकेटर महेश सोनी, बॉडीबिल्डर अजीत सूरोठिया, मिस्टर राजस्थान अरशद कुरैशी, सॉफ्टबॉल संघ के विजय शर्मा, बबली सोलंकी, पूर्व क्रिकेटर राजीव चतुर्वेदी, वीरेंद्र बाजना, बैडमिंटन प्लेयर मुकेश धाकड़,राजीव गोयल, भुवनेश गोयल, खेल प्रेमी रफीक चौधरी, अजीत कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### जर्सी बिस्कुट वितरित

**भरतपुर** (निस)। लाइंस क्लब भरतपुर द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बछमादी में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए 116 ठााम जर्सी बिस्कुट पेन ट्रॉफी एवं अन्य सामठाी प्रायोजक गणेश राम का एवं उनके परिवार द्वारा वितरण की गई गरम गरम जर्सी प्राप्त करके बच्चों के चेहरे पर खुशी देखी गई विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा द्वारा लाइंस क्लब के सभी सदस्यों को पटका पहना करके धन्यवाद प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में लाइंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य जेपी अठावाल, निरपेश आर्य, महेंद्र गोटी, रवि सिंघल, सतीश चंद्र गुप्ता, नीता अठावाल आदि सदस्य उपलब्ध थे क्लब के अध्यक्ष भारत अठावाल द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

### नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपाईयो ने बांटी मिठाई

**गंगापुर सिटी** । भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन पर हर्ष व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में जयपुर बाईपास पर आतिशबाजी की गई और मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी गईं और राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया। जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने इस मौके पर कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जहां संवैधानिक प्रक्रिया के तहत एक सामान्य कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। उन्होंने नितिन नवीन को इसका एक उदाहरण बताया। गुर्जर ने कहा कि एक युवा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने युवाओं को आगे बढने का अवसर प्रदान किया है, जिससे संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रवाद भाजपा का मूल मंत्र है, जबकि अन्य दलों में वंशवाद हावी है।

कार्यक्रम में सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, जिला मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, चतुर्भुज गोयल, सुनीता वैष्णव, पुखराज सलेमपुर, पार्षद गोविंद पाराशर, जिला सोशल मीडिया संयोजक सारांश जैन, मंडल महामंत्री गोविंद गुप्ता, उपाध्यक्ष विकास सैनी, रामभरोसी मीणा, पवन शर्मा रेड्डुयाल, बत्तीलाल गुर्जर, प्रेमराज मीना, भीम सिंह जाट, ओमप्रकाश गोयल, जगदीश गिरी, राजू बेरवा, मानवेंद्र बन्ना, अवधेश बैंसला, चिरंजी लोधा, लक्ष्मण जाट, राजू सरपंच, भानु सोनी, जयप्रकाश, रवि डीलर और संचित गोयल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राशन डीलरों ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी** । राशन डीलरों ने अपनी लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विभागीय अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गेहूं के परिवहन, तुलाई, उतराई और बकाया भुगतान से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। डीलरों का कहना है कि वे लंबे समय से आर्थिक और प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, जिनका अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है। डीलरों ने मांग की है कि गेहूं की गाड़ियों की तुलाई और उतराई की जिम्मेदारी पूरी तरह विभाग की होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि 3 डीलरों का गेहूं एक ही गाड़ी में भेजा जाता है, तो गाड़ी का कांटा केवल 3 बार ही लगाया जाए। इसके अतिरिक्त, गेहूं रवाना होने का संदेश पहले की तरह अनिवार्य रूप से डीलरों को भेजा जाए, ताकि तुलाई में किसी भी कमी की जिम्मेदारी डीलर पर न आए।

### आत्महत्या की रोकथाम हेतु प्रशिक्षिण जारी

**भरतपुर** (निस)। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता एवं बढ़ती आत्महत्या की समस्या को ध्यान में रखते हुए ,राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम इकाई भरतपुर के अंतर्गत एक दिवसीय मनदर्पण, गेटकीपर प्रशिक्षण आत्महत्या हत्या रोकथाम हेतु एएनएम, आशा सहयोगिनी को मनदर्पण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। डिप्टी सीएमएचओ डॉ असित श्रीवास्तव ने मानसिक स्वास्थ्य क्या होता है इसके बारे में बताया साथ ही मानसिक बीमारियों के बारे में भी बताया जिला नोडल अधिकारी एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ कप्तान सिंह चौधरी ने मन दर्पण प्रोग्राम के बारे में बताया साथ ही समाज मे बढती जा रही आत्महत्या की घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है इसके बारे मे बताया। मानसिक बीमारियाँ तेजी से बढ़ने लगी हैं तनाव के विभिन्न कारण ऐसे होते हैं जिनको पहचानने की क्षमता व्यक्ति में है तो वह अपने स्तर पर प्रबंधन कर निजात पा सकता है तथा बच्चों में होने वाली मानसिक समस्या के बारे में विस्तार से बताया एवं बच्चो में कैसे पॉजिटिव उपदकेमज विकसित किया जा सकता है उसके उपाय बताये।

विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील सुथार ने ष्गेटकीपर की भूमिका आत्महत्या रोकथाम के माध्यम से हताश और निराश तथा आत्महत्या की सोच रखने वाले व्यक्तियों को गेटकीपर के रूप में आसानी से प्रभावी मोटीवेटर उपलब्ध होंगे जिनकी मदद से अवसाद से घिरे व्यक्ति को सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल सकेगा और आत्महत्या का कारण बनने वाली समस्या के निराकरण में बडी मदद मिल सकेगी।

## 21 ब्राह्मणों ने एक स्वर में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया

■ **वेद पाठ के साथ हुआ मंगलाचरण, आचार्य बोले- शक्ति का सदुपयोग ही सच्ची देवी पूजा**

**गंगापुर सिटी** । मां चक्रपाणि भक्त मंडल की ओर से आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा का गुप्त नवरात्र के अवसर पर द्वितीय दिवस मनाया गया। शिवम मैरिज होम में चल रही इस कथा में सुबह वेद पाठ के साथ मंगलाचरण किया गया। इसके बाद 21 ब्राह्मणों ने एक स्वर में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। कथा व्यास आचार्य अशोक दीक्षित ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रत्येक जीव में कोई न कोई शक्ति निहित होती है। उन्होंने बताया कि दैहिक शक्ति और आर्थिक सामर्थ्य का सदुपयोग व्यक्ति को महान बनाता है, जबकि बल और धन का दुरुपयोग व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के लिए कष्टप्रद सिद्ध होता है। आचार्य दीक्षित ने मधु-कैटभ प्रसंग के माध्यम से बताया कि व्यक्ति को प्रशंसा और निंदा से प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मानसिक अवसाद का प्रमुख कारण अतीत की अच्छी या बुरी बातों से मुक्त न हो पाना है। आत्म जागरण और सही चिंतन के लिए जगदंबा की आराधना आवश्यक है, जिसकी प्रेरणा देवी भागवत कथा से मिलती है। आयोजन से जुडे वासुदेव बंसल ने जानकारी दी कि कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5रू30 बजे तक हो रही है। उन्होंने बताया कि गंगापुर सिटी में पहली बार हो रहे इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान यजमान रामगोपाल गुप्ता सहित सुरेश तुलारा, अशोक बंसल, भानु सिंगल, चंद्रभान शर्मा, संतोष नारोली, गौरव मालधनी, राजेंद्र गीजगढ़, सोनू जगवानी, डिंपल हलवाई और मिंटू अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने पूजन किया। कार्यक्रम में राधेश्याम विजयवर्गीय, रामकिशोर खंडेलवाल, समय सिंह, श्याम सालावड़िया, राजेंद्र कुसुम, परमानंद गुप्ता, गणेश शर्मा, सुधीर सिंघल, गंगाप्रसाद एडवोकेट, दिनेश करणपुर और कैलाश खंडेलवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ‘महाराणा प्रताप इतिहास नहीं, आने वाली पीढ़ियों का चरित्र निर्माण हैं’

**भरतपुर** (निस)। सर्व समाज महासभा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर भरतपुर के रणजीत नगर स्थित आदर्श स्कूल में संचालित महाराणा प्रताप छात्रावास में एक भव्य एवं प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं छात्रावास के बच्चों को महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और स्वाभिमान से परिचित कराना रहा। गोष्ठी में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के साथ-साथ उनके पिता महाराजा उदय सिंह माता पन्नाधाय एवं उनके वफादार घोड़े चेतक के बलिदान और अद्भुत साहस पर विस्तार से विचार रखे। डॉ. अविनाश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा शीश कट जाने पर भी कृपाण चलती रहे ऐसा इतिहास रचने वाले हम राजस्थानी हैं। कार्यक्रम में ओजपूर्ण कविता पाठ करते हुए डॉ. कृष्ण कन्हैया शर्मा ने कहा मैं प्रताप का हर बलिदानी तेवर अब दिखलाता हूँ, हल्दीघाटी की माटी की पावन कथा सुनाता हूँ। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप की जीवनी पर आधारित काव्यात्मक प्रस्तुतियों एवं वीर रस की कविताओं के माध्यम से उनके संघर्ष, स्वाभिमान और राष्ट्रिनष्ठा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। महासचिव अनिल भारद्वाज ने महाराणा प्रताप के पिता महाराज उदय सिंह के जीवन तथा मेवाड़ की रक्षा में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। जीवनलाल शर्मा ने माता पन्नाधाय के त्याग, साहस और मातृत्व को राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च उदाहरण बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने कहा जिस समाज के बच्चे प्रताप, पन्नाधाय और चेतक को समझ लेते हैं, उस समाज को कोई गुलाम नहीं बना सकता। उन्होंने चेतक की स्वामीभक्ति और बलिदान का प्रेरक वर्णन किया। कार्यक्रम में सचिव कृष्णकांत शर्मा, संगठन मंत्री गौरव पाराशर, महिला शहर अध्यक्ष सरबजीत कौर, उपाध्यक्ष सरोज शर्मा, मीनाक्षी खत्री, प्रेमचंद लवानिया, राजेंद्र दंडोतिया, केशव देव शर्मा, सरदार कुलदीप सिंह, पूर्व सरपंच महेश वाल्मीकि, धर्मवीर सिंह तुहिया, वीरू सोगर, टीटू महावर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। छात्रावास के संचालक वीरेंद्र एवं संजय गुप्ता की उपस्थिति में बच्चों को महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी प्रेरक बातें बताई गईं तथा उनसे संबंधित वीर रस के गीत भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के लिए महाराणा प्रताप के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पाँच विद्यार्थियों को सर्व समाज महासभा द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

### नववर्ष पर समिति परिवार का सुन्दरकाण्ड का पाठ

**भरतपुर** (निस)। श्री चिंताहरण हनुमान सेवा समिति मोरी चार बाग भरतपुर द्वारा विश्व शांति के लिए नववर्ष मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य सुन्दरकाण्ड का पाठ बालाजी मण्डल सुन्दरपाठ एवं सत्संग मण्डल परिवार के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक सुरेन्द्र जैन कालू मामा रहे। पाठ के पश्चात समिति द्वारा जिला व्यापार महासंघ भरतपुर के अध्यक्ष संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी हनुमान जन्मोत्सव पर चर्चा की गई। संस्थापक अध्यक्ष राधाकृष्ण अठावाल ने आगामी आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। अध्यक्ष राकेश मित्तल द्वारा कार्यक्रमों को और भव्य बनाने के लिए अनुराग गर्ग, सीए अतुल मित्तल, ओ.पी. सिंघल, भारत भूषण, राजकुमार तिलकधारी, प्रमेन्द्र गुप्ता आदि सदस्यों से राय मशविरा किया और सभी सदस्यों ने हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रेल 2026 को भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक व साहित्यकार गौतमजी ने भाग लिया।

## सार-समाचार

### गांव बुराबई में पेयजल संकट

**भरतपुर** (निस)। ग्राम पंचायत रारह के ग्राम बुराबई में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत स्थापित पम्प हाउस की मोटर के बार-बार खराब होने के कारण ग्रामीणों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के स्थायी एवं पूर्ण समाधान को लेकर आज जन.स्वा.अभियांत्रित विभाग (पी.एच.ई.डी) के अतिरिक्त मुख्य अभियंता मोहन लाल मीणा से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। चर्चा के दौरान पम्प हाउस की मोटर की बार-बार तकनीकी खराबी, विद्युत आपूर्ति से जुडी समस्याएँ, क्षमता से अधिक लोड, पुराने उपकरणों के कारण उत्पन्न दिक्कतें एवं नियमित रख रखाव की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही यह भी आठाह किया गया कि ठाामीणों को भविष्य में किसी भी प्रकार की पेयजल परेशानी न हो, इसके लिए स्थायी समाधान के रूप में उच्च गुणवत्ता की मोटर, वैकल्पिक व्यवस्था एवं समयबद्ध मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। अतिरिक्त मुख्यद्वारा समस्या की गंभीरता को स्वीकार करते हुए शीघ्र ही आवश्यक तकनीकी परीक्षण कराकर अचित कार्यवाही एवं स्थायी समाधान का आश्वासन दिया गया। ठाामवासियों को स्वच्छ, पर्याप्त एवं निरन्तर पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर रारह जी.एस.एस अध्यक्ष जगदीश सिंह, वार्ड पंच राजपाल, वार्ड पंच शिव राम, बाबू पंच, भूरा पंच, नेत्रपाल, समुंद्र काका, सौदान सिंह, मान सिंह हवलदार, भूदेव आदि उपस्थित रहे ठााम वासियों ने पेयजल समस्या से अवगत कराया।

### एडीएम को सौपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी** । वार्ड 46 में सफाई व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं को लेकर स्थानीय निवासियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। वार्डवासियों ने गंदगी, कचरे, खराब रोड लाइटों और क्षतिग्रस्त विद्युत पोल की समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। इस संबंध में कॉलोनी की महिलाओं ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। महिलाओं ने ज्ञापन में बताया कि वार्ड 46 में एफसीआई गोदाम के पीछे लंबे समय से नियमित सफाई नहीं हो रही है। पूरे क्षेत्र में कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे बदबू फैल रही है और वातावरण प्रदूषित हो रहा है। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार कई बार शिकायत के बावजूद सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त, वार्ड की विभिन्न कॉलोनियों में रोड लाइटें या तो बंद पड़ी हैं या लगी ही नहीं हैं। रात के समय पूरे इलाके में अंधेरा रहता है, जिससे राहगीरों और निवासियों को परेशानी होती है। अंधेरे के कारण आपराधिक घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों का अंदेशा भी बना रहता है। दूसरी ओर वार्ड 46 में दशरथ राजपूत के मकान के सामने स्थित एक विद्युत पोल क्षतिग्रस्त अवस्था में है। यह पोल काफी समय से जर्जर है और कभी भी गिर सकता है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के निवासियों के लिए दुर्घटना का गंभीर खतरा बना हुआ है। वार्डवासियों ने संबंधित विभागों और नगर परिषद से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो कोई बड़ी दुर्घटना या बीमारी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ज्ञापन देने वालों में स्मिता गुप्ता, सुनीता बैन, मंगली देवी, यशोदा देवी, ममता, राधेश्याम, मोतीलाल और कमला शामिल हैं।

### टोल वसूली जारी, पुल जर्जर बयाना ब्रह्मवाद मार्ग पर गंभीर नदी पुल बना हादसों का कारण

**बयाना भरतपुर** ( निस)। बयाना से ब्रह्मवाद को जोने वाले सड़क मार्ग पर स्थित गंभीर नदी पुल आम जनता के लिए खतरे का कारण बनता जा रहा है। पुल के जोइंटों में गेप आने से बडे-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित दोपहिया वाहन चालक हैं। रोजाना बाइक और स्कूटी सवार गड्ढों में फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे लोग घायल हो रहे हैं। वहीं बयानादूब्रह्मवाद के बीच चलने वाले टेम्पो चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे पहियों के कारण टेम्पो बार-बार खराब हो रहे हैं और यात्रियों को रास्ते में ही उतरना पड़ रहा है। यह सड़क केवल स्थानीय मार्ग नहीं, बल्कि बयाना से रुदावल, रूपावास, बाड़ी, बसेडी और धौलपुर को जोडने वाला मुख्य रास्ता है। प्रतिदिन सैकडों लोग इसी सड़क से सफर करते हैं, खराब सड़क और पुल के कारण हर सफर जोखिम भरा बन गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरएसआरडीसी द्वारा इसी गंभीर नदी पुल से मात्र 200 मीटर पर टोल टैक्स वसूला जा रहा है। जनता सवाल उठा रही है कि जब टोल लिया जा रहा है, तो फिर पुल की मरम्मत क्यों नहीं की जा रही? स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब सवाल यह है।


**पश्चिम मध्य रेल**

निविदा सूचना

दिनांक: 17.01.2026

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं. एवं दू.सं. इंजी. (सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों Tender No. KOTA/SNT/SIG/2025/41, KOTA/SNT/SIG/2025/44 के लिये निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैन्युअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जायेगा। **(1) टेण्डर सं:** कोटा/एसएण्डटी/सिंग./2025/41 **कार्य का नाम:** एन्हान्सिग सेफ्टी बाएं रिप्लेसिंग डिफेक्टिव वार्न आउट टीएलजेबीस, ट्रेक लिड पाइंट इन्यूलेशन ग्राउण्ड फॉउण्डेशन सिगनल असेमबलिस एण्ड कनेक्शन लॉकेशन बॉक्स एण्ड फॉउण्डेशन इनक्लूडिग ट्रेंचिंग लेयीग ऑफ केबल्स टर्मिनेशन इटीसी इन द सेक्शन ऑफ एडीएसटीइ नॉर्थ ऑन कोटा डिविजन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,44,50,278.89/- **बयाना राशि:** ₹ 2,22,300/- **तारीख एवं समय:** दिनांक 10.02.2026 को 15.00 बजे तक **(2) टेण्डर सं:** कोटा/एसएण्डटी/सिंग./2025/44 **कार्य का नाम:** कन्वर्जन ऑफ सेफ्टी रिलेटेड सिगनलिंग डॉक्यूमेन्ट इन ऑटो केड इन्क्लुडिंग देयर प्रिटिंग एण्ड फोटो कॉपिंग इन द ऑफिस ऑफ सीनियर डीएसटीई/कॉर्डिनेशन / कोटा **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 68,53,230.00/- **बयाना राशि:** ₹ 1,37,100/- **तारीख एवं समय:** दिनांक 14.02.2026 को 11.00 बजे तक. पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया हैं। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय अपलोड किया जाना चाहिये। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।

(हस्ता.)

वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, नदबई, भरतपुर**

क्रमांक-एफ( )लेखा/मुब्लॉशिअनद/2025-26/478 दिनांक-20.01.2026

**खुली निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भरतपुर (राजस्थान) द्वारा जारी वित्तीय स्वीकृति क्रमांक 2673 दिनांक 06.11.2025 द्वारा विद्यालय भवन सामान्य मरम्मत तथा रंग रोगन आदि हेतु जारी स्वीकृति के कार्य हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, नदबई भरतपुर में स्थित चयनित विद्यालयों में रंग-रोगन/मरम्मत कार्यो हेतु निविदाऐं दिनांक 21.01.2026 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 27.01.2026 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**NIB CODE: EED2526A1606, UBN- EED2526WSOB02009, EED2526WSOB02010, EED2526WSOB02011**

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा नदबई, भरतपुर